दूरभाष : PBX 2762021, 22, 24

चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः गोपनीय/प्रयो० - 1077
दिनांकः 02.06.2021

प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि केवल अन्तिम वर्ष 2020 की जिन भूतपूर्व छात्र/छात्राओं की विशेष परीक्षा 2020 (Special Exam 2020) विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न करायी जा चुकी है उनकी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा कराये जाने हेतु माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा **मेरठ कालेज मेरठ, चौ0 शिवनाथ सिंह शाडिल्य पी0जी0 कालेज, माछरा एवं आर0 जी0 कालेज मेरठ** को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

अतः सम्बन्धित विषय की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं हेतु सम्बन्धित छात्र/छात्रा अपने विषय से सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र पर सम्पर्क कर परीक्षा की तिथि की जानकारी प्राप्त करते हुए उक्त परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें। परीक्षा केन्द्रों का विवरण निम्नवत् हैः–

क्र0	परीक्षा केन्द्र का नाम	कालेज कोड	पाठ्यक्रम का नाम
1.	मेरठ कालिज, मेरठ। (www.meerutcollege.org)	055	विधि संकाय, वाणिज्य संकाय, विज्ञान संकाय, व कला संकाय (गृह विज्ञान छोड़कर) की समस्त विषय की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा
2.	चौ0 शिवनाथ सिंह शाडिल्य पी0जी0 कालेज, माछरा (cssspgcmachhra@gmail.com)	047	कृषि संकाय की समस्त विषय की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा
3.	आर0जी0 कालिज, मेरठ। (www.rgcollege.org)	058	कला संकाय की **केवल गृहविज्ञान** विषय की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा

उक्त के सम्बन्ध में यह भी सूच्य है कि सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य/प्राचार्या यथासमय शासन/विश्वविद्यालय से निर्देश प्राप्त होने पर कोविड–19 हेतु शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकाल/गाईड लाईन का पालन करते हुये उक्त परीक्षा सम्पन्न करायेगें। **परीक्षा की तिथि की सूचना अपने महाविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करते हुये उसकी प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायेंगे** तथा उक्त सूचना की एक प्रति विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग को भी उपलब्ध करायेगें।

02.06.2021
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–
1. सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वयैक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ ।
3. वयैक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ ।
4. प्रैस प्रवक्ता को इस आशय के साथ प्रेषित कि छात्रहित में सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क तीन दिवसों तक प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. प्रभारी वैबसाइट विश्वविद्यालय को, वैबसाइट पर अपलोड कराये जाने हेतु।
6. प्राचार्य, मेरठ कालेज मरेठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. प्राचर्य, चौ0 शिवनाथ सिंह शाडिल्य पी0जी0 कालेज, माछरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. प्राचार्या, आर0जी0कालेज मेरठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)